(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) उक्त छापों में कितनी राशि जब्त की गई है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम.वी. चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) से (ग) जी, हां। आयकर विभाग ने पिछले तीन वर्षों के दौरान बिहार सरकार के पशुपालन विभाग को सप्लाई करने वाले सप्लायरों के सात ग्रुपों की तलाशी ली थी। इन तलाशियों के दौरान 11.83 करोड़ रु. मूल्य की लेखा-बाह्य परिसम्पत्तियां अभिगृहीत की गई थीं।

अग्रिम पुनर्भुगतान पर नियंत्रण के संबंध में बैंकों को दिये गये निदेश

950. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने बैंकों को ऋण मूल्यांकन तंत्र को सुदृढ़ बनाने तथा अग्रिम राशि पर कड़ी निगरानी और नियंत्रण रखने के निर्देश दिए हैं ;

(ख) यदि हां, तो किन-किन बैंकों ने इन निदेशों का अनुपालन नहीं किया है; और

(ग) इस संबंध में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा. अबरार अहमद): (क) से (ग) : भारतीय रिजर्व बैंक ऋण मूल्यांकन प्रणाली में सुधार और ऋणों पर अनुवर्ती कारवाई करने वाले तंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए बैंकों पर लगातार जोर देता रहा है। बैंकों के आवधिक निरीक्षण के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक प्रधान कार्यालयों, नियंत्रक कार्यालयों और शाखाओं में मंजूर विभिन्न प्रकार के अग्रिमों की उपयुक्त जांच करता है और ऋण मूल्यांकन में पाई गई कमियों के बारे में अपनी जांच रिपोर्ट में विशेष रूप से उल्लेख करता है। ये रिपोर्ट उपचारात्मक कार्रवाई के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बैंकों को भेजी जाती है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इन निष्कर्षों पर बैंक के अधिकारियों के साथ चर्चा की जाती है और इसके अतिरिक्त सरकारी क्षेत्र के बैंकों के वरिष्ठ कार्यपालकों के साथ कार्य योजना के दौरान भी चर्चा की जाती है। भारतीय रिजर्व बैंक ऋण प्रस्तावों के पूर्ण और उचित मूल्यांकन के लिए बैंकों पर हर मंच से जोर देता है।

महाकौशल हाउसिंग एण्ड हाउसिंग डेवलपमेंट (इंडिया) लिमिटेड

951 **श्री शिव प्रसाद चनपूरिया** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या महाकौशल हाउसिंग एण्ड हाउसिंग डेवलपमेंट (इंडिया) लिमिटेड, कटनी, भारतीय रिजर्व बैंक से मान्यता प्राप्त संस्था है ;

(ख) यह संस्था इस समय मध्य प्रदेश के किन-किन जिलों में कार्य कर रही है ;

(ग) क्या भारतीय रिजर्व बैंक ने इस संस्था को बैंकिंग व्यवसाय करने की अनुमति प्रदान कर दी है यदि हां, तो कब से ;

(घ) 31 मार्च, 1993 तक इस संस्था ने कितना व्यवसाय किया और इसके पास कितनी राशि जमा करायी गयी और इस संस्था ने हित ग्राहियों को कितनी राशि ऋण के रूप में दी ;

(ङ) इस संस्था का वित्तपोषण किस माध्यम से किया जाता है ;

(च) क्या निवेशकों द्वारा इस संस्था में जमा करायी गई धनराशि की वापसी की भारतीय रिजर्व बैंक ने गारंटी दी है ; और

(छ) मध्य प्रदेश में ऐसी कितनी संस्थाएं कार्यरत हैं और उनके नाम तथा कार्यक्षेत्र का ब्यौरा क्या है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा. अबरार अहमद) : (क) से (छ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।